दैनिक जागरण 2-10-2024

प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में करण व चेष्टा की टीम रही प्रथम

जागरण संवाददाता●अंबाला : जीएमएन कालेज, अंबाला कैंट में एसडीजी क्लब के सहयोग से प्रबंधन विभाग द्वारा स्नातक स्तर के लिए जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता की शुरुआत कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के संबोधन से हुई, जिन्होंने प्रतिभागियों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपने शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अलावा भविष्य में सर्वांगीण विकास हेतु इस तरह की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों से आए 24 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस प्रतियोगिता में गवर्नमेंट कॉलेज, अंबाला कैंट के प्रतिभागियों प्रियांशु, करण और चेष्टा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरा स्थान पर सनातन धर्म कॉलेज, अंबाला कैंट से हरनीत कौर, नैन्सी और सोनम की टीम ने बाजी मारी। सनातन धर्म कॉलेज, अंबाला कैंट के गौरव मिश्रा, रिचा और इशिका शर्मा की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में कुल 50 छात्र एवं कॉलेज स्टाफ सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले जीएमएन कालेज के विद्यार्थी अपने सर्टिफिकेट दिखाते हुए। ●सौ. कालेज प्रवक्ता